## महत्वपूर्ण एवं खास

### एक एकड़ शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया

**भिलाई (आरएनएस)।** शिकायत मिल रही थी कि सुंदर विहार कॉलोनी में एक एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जाधारियों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर जोन कमिश्नर येशा लहरे अपने दल के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी के माध्यम से अवैध कब्जे को खाली करवाया गया। कुछ लोग विरोध कर रहे थे उन्हें कागज दिखाने को कहा गया। बहुत से लोग वहां पर पूरी तरह निर्माण करके कर लिए थे। जिन्हें पूर्व में सूचना दी गई थी। उनके द्वारा स्वयं कब्जा नहीं हटाया जा रहा था। इसीलिए नगर निगम अमला जाकर के जेसीबी से अवैध दुकानों को हटाया गया सभी प्रकार के कब्जा से मुक्त कराया। सबको चेतावनी दी गई की दोबारा कोई भी शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करेगा तो उसके खिलाफ नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।स्नद्बह्म् फिर भी दर्ज किया जाएगा .इस कार्रवाई के दौरान जोन के राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी, जेपी तिवारी, शशांक सिंह, हरिओम गुप्ता ,अपने दल के साथ मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** दोंदखुर्द पेट्रोल पंप के पास वाहन की ट्रक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक देवानंद लहरी 40 वर्ष ग्राम जरौद का रहने वाला था। बताया जाता है कि देवानंद अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी दोंदेखुर्द के पास वाहन क्रमांक सीजी 04 एचजेड 3907 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे देवानंद की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मासूमों की नाले में डूबने से मौत

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के अटूट बंधन से भरा रिश्ता है। लेकिन इसी रक्षाबंधन पर्व के एक दिन पहले एक बेहद मार्मिक और दुखद घटना सामने आई है। जहां नानी के घर रक्षाबंधन त्यौहार मनाने आए तीन बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। एक ही परिवार के दो बच्चों की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हुई। वहीं एक मासूम की नानी के घर के पास गड्ढे में भरे पानी में डूबने से बच्चे की मौत हो गई। बच्चों की त्यौहार से पहले हुई मौत के बाद परिवार सदमे में है तो वह गांव में मातम पसरा हुआ है। छत्तीसगढ़ मरवाही के चांगेरी निवासी 9 साल के ऋषि केवट और 7 साल के राघवेंद्र केवट दोनों अपनी नानी के घर ग्राम चोलना रक्षाबंधन त्यौहार मनाने आए थे। इस दौरान आज शाम दोनो बच्चे नाला में नहाने के लिए गए हुए थे। इस दौरान दोनों बच्चे नाले में डूब गए।

### हाथ नहीं, पैरों से मुख्यमंत्री साय को वर्षा ने बांधी राखी

**रायपुर (आरएनएस)।** हाथ नहीं, लेकिन पैरों से वर्षा धुरव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को राखी बांधी। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पहुंची धमतरी की दिव्यांग बालिका वर्षा ध्रुव ने कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं, मैंने मुख्यमंत्री को राखी बांधी। जैसे एक भाई अपनी बहन की रक्षा करते है, वैसे ही हमारे मुख्यमंत्री प्रदेश की बहनों की रक्षा करते हैं। धमतरी की दिव्यांग बालिका वर्षा ध्रुव ने पैरों से राखी बांधी और मुख्यमंत्री साय को अपनी पैरों से मिठाई भी खिलाई। मुख्यमंत्री इस दौरान थोड़े भावुक भी हुए और कहा कि वर्षा की जीजीविषा और स्नेह ने इस मौके बहुत खास बना दिया है। मुख्यमंत्री साय ने वर्षा को उपहार स्वरूप मिठाईयां भेंट की और उसे सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि वर्षा ध्रुव धमतरी में दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य कर रही संस्था एक्ज़ेक्ट फ़ाउण्डेशन में पढ़ाई कर रही है। वर्षा धुरव के दोनों हाथ नहीं है, लेकिन अपने पैरों से सारे काम कर लेती है।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में होगा पंचायत सचिव के माध्यम से प्राप्त आवेदन का निराकरण

- सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नागरिक अपने आवेदन पत्र पंचायत सचिव के पास करें जमा
- बिलाईगढ़ के ग्राम सलिहा में 22 अगस्त को होगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशन में बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम सलिहा में 22 अगस्त 2024 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नागरिक अपने आवेदन पत्र पंचायत सचिव के पास जमा करें। पंचायत सचिव के माध्यम से प्राप्त आवेदन का निराकरण जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में होगा। यह शिविर हर 15 दिन में आयोजित निश्चित किया गया है। आगामी दिनों में 12 सितंबर को सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम डोमाडीह ब में, 26 सितंबर को बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम गाताडीह में और बरमकेला ब्लॉक के ग्राम बोंदा में 10 अक्टूबर 2024 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर होगा। शिविर सुबह 10.30 बजे शुरू होगा, जिसमें जिला व ब्लॉक स्तरीय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आवेदकों से आवेदन पत्र 10.30 से अपरान्ह 3 बजे तक लिया जाएगा, जिसका निराकरण तत्काल शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शाम 4 बजे से सामग्री वितरण का कार्य किया जाएगा।

**शिविर में विभागवार कार्य एवं आवेदन-** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग द्वारा नामांकन, बटवारा, सीमांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण, नक्शा बटांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, आरबीसी 6-4 के अधीन जन हानि, पशु हानि, मकान क्षति हेतु आर्थिक सहायता राशि, खसरा, बी1 में त्रुटि सुधार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग, शौचालय की राशि की मांग, सामुदायिक शौचालय की मांग, स्वच्छता समूह हेतु मांग, बैंक ऋण हेतु मांग, आरएफ, सीआईएफ की मांग, एसएचजी शेड, जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन की मांग एवं संबंधित शिकायत, उपकरण की मांग, निःशक्तजन प्रमाण पत्र के आवेदन लिए जाएंगे। खाद्य विभाग द्वारा नये राशन कार्ड की माग, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन, कृषि विभाग द्वारा केसीसी लोन, प्रधानमंत्री किसान प्रोत्साहन योजना, खाद्य व बीज की मांग, कृषि संयंत्र की मांग, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन राशि की मांग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बोरिंग सुधारने हेतु आवेदन, जल जीवन मिशन के संबंध में मांग और शिकायत, पाईप लाईन विस्तार हेतु मांग, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन हेतु पट्टा प्रदाय हेतु, जाल की मांग, मत्स्य बीज की मांग, रोजगार विभाग द्वारा रोजगार पंजीयन, उद्योग विभाग द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हेतु ऋण प्रदान, लीड बैंक एसबीआई द्वारा बैंक ऋण, नये बैंक खाता खोलने, मुद्रा लोन, बैंकिग सबंधी शिकायत केसीसी, श्रम विभाग द्वारा श्रमिक पंजीयन एवं लाभ हेतु आवेदन पंजीकृत श्रमिकों को राशन कार्ड, अन्त्यावसायी विमाग द्वारा विभागीय लोन एवं सब्सिडी हेतु आवेदन, उद्यानिकी विभाग मिनी किट वितरण, पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं का टीकाकरण, के.सी.सी. लोन, चूजे एवं अन्य पशुओं की मांग, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई), आदिवासी विकास विभाग द्वारा अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन राशि, जल संसाधन विभाग द्वारा भूअर्जन, आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन की शिकायत, वन विभाग (एसीटीडब्ल्यू) वन अधिकार पट्टा तेंदुपत्ता बोनस, वन्य पशु मुआवजा, लोक निर्माण विभाग द्वारा पुल पुलिया एवं रोड़ निर्माण की मांग, सहकारिता विभाग द्वारा के.सी.सी. लोन की मांग, विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कनेक्शन की मांग, ट्रान्सफारमर की मांग, बिजली बिल अधिक की शिकायत, क्रेडा विभाग द्वारा विभागीय योजना, परिवहन विभाग द्वारा शिविर स्थल पर लर्निंग लायसेंस का निर्माण, दिव्यांगों को मुफ्त बस पास वितरण, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा राशन कार्ड की मांग, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी की मांग के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि बरमकेला ब्लॉक के गांव डोंगरीपाली और सारंगढ़ ब्लॉक के गांव अमलडीहा के बाद यह तीसरा शिविर आयोजित किया जाएगा।

## मृत व्यक्ति के नाम से निकाला लोन, गिरफ्तार

**बलरामपुर-रायपुर । आरएनएस**



उदयपुर थाना के ग्राम खुटिया निवासी रामअवतार की पैतृक सम्पत्ति गांव में ही है। जिस पर वह कृषि कार्य करता है। आवेदक को वर्ष 2019-20 में जमीन सम्बन्धी दस्तावेज बी-वन निकालने के दौरान अपने पैतृक जमीन में पिता रामचरण के नाम से कुल दो लाख 18 हजार रुपये का केसीसी लोन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा लखनपुर के होने की जानकारी मिली। यह भी पता चला कि जमीन , 10 वर्ष से बैंक में बंधक है। जबकि आवेदक के पिता की वर्ष 2008 में ही मृत्यु हो हो चुकी थी। आवेदक ने 2014 में बैंक ऋण लेने की जानकारी प्राप्त कर ऋण प्राप्त करने के लिए लगे दस्तावेज में अनावेदक बलराम निवासी मुटकी उदयपुर का होना पाया। बैंक में उसने अपना नाम रामचरण निवासी मुटकी लखनपुर बताकर बैंक से प्रार्थी के पिता के नाम से जमीन पर ऋण लिया था। मामले में आरोपित बलराम बसोंर द्वारा दरोगा दास एवं सीताराम कवर की सहायता से फर्जी रूप से प्रार्थी के मृतक पिता के कुटरचित दस्तावेज तैयार कर अपना फोटो लगाकर दो लाख 18 हजार रुपये का केसीसी बैंक ऋण प्रार्थी के जमीन पर निकाल कर गबन किया गया है। कूटरचना और जालसाजी के इस मामले में आखिरकार पुलिस ने दरोगा दास (53) मंहगई थाना रामानुजनगर व सीताराम कवर (65) मुटकी थाना उदयपुर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ पर पता चला कि कमीशन के लालच में बलराम बसोर को प्रार्थी के पिता रामचरण के जगह खड़ा कर फर्जी रूप से खाता खुलवाकर केसीसी लोन निकलवाया गया था। अपराध घटित करने से प्राप्त हुआ कमीशन में से 20 हजार दरोगा दास को प्राप्त हुआ था एवं सीताराम को पांच हजार रुपये का का कमीशन प्राप्त हुआ था। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपितों का तलाश किया जा रहा हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर निरीक्षक अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, आरक्षक दशरथ राजवाड़े, जानकी राजवाड़े, अमरेश दास शामिल रहे।

## इलेक्ट्रिक स्कूटर के बार बार खराब होने से परेशान होकर युवक ने किया अनोखा प्रदर्शन

**दुर्ग । आरएनएस**

जिले के भिलाई में विरोध प्रदर्शन का एक अनोखा विडियो सामने आया है जिसमें एक व्यक्ति अपनी ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर को ठेले में रखकर स्कूटर की शव यात्रा निकाल रहा है साथ ही साउंड सिस्टम लगारक माईक पकडक़र गाना गाते हुए ओला स्कूटर बेचने वालो का कोस रहा है।

दरअसल मामला स्कूटर के खराब होने तथा कंपनी द्वारा ठीक नही किये जाने को लेकर शुरू हुआ है। भिलाई कोहका के रहने वाले सागर सिंह ने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदी थी जो कि बार-बार खराब हो रही थी। सागर का कहना है कि उसने कुछ महीने पहले ही ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदा था। जिसके बाद इस गाड़ी में खराबी आने लगी। बार-बार आ रही समस्या को लेकर उसने कई बार सर्विस सेंटर में जाकर गाड़ी को रिपेयर करवाया लेकिन उसके इलेक्ट्रिक स्कूटर को ठीक नहीं किया जा सका। इससे परेशान होकर सागर सिंह ने ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर की इस तरह यात्रा निकाली और आम लोगो से ओला ना लेने की अपील भी की। सागर सिंह का कहना है कि इलेक्ट्रिक स्कूटी ओला के पूरे बटन खराब हो चुके हैं। उसने कई बार सर्विस सेंटर जाकर शिकायत की, लेकिन शोरूम के लोगों ने उसकी एक न सुनी। उसे 15-20 दिनों तक गाड़ी छोडऩे के लिए कहा गया, मगर उसके पास एक ही गाड़ी है, उसी से वह काम करता है। ओला सर्विस सेंटर का चक्कर काट-काट कर परेशान इस युवक ने ओला की गाड़ी को ठेले में बांधकर बारात निकाली।

बता दें कि पेट्रोल की बढ़ती कीमतों की वजह से लोग इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आकर्षित हो रहे है। जिसके चलते इन दिनों देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों की अच्छी खासी मांग बनी हुई है। वहीं ओला स्कूटर बाजार में सबसे लोकप्रिय स्कूटर बन हुआ है। किंतु आये दिनों इसके खराब होने तथा बैटरी ब्लास्ट होने की खबर मिलते रहती है।

## रायपुर के 3700 सफाई कर्मचारियों को नाश्ते में मिलेगा पौष्टिक आहार

**रायपुर । आरएनएस**




नगर निगम की रीढ़ की हड्डी माने जाने वाले सफाई कर्मचारियों को अब सुबह नाश्ते में पौष्टिक आहार दिए जाने की तैयारी है. महापौर एजाज ढ़ेबर के मुताबिक उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर दिन अलग-अलग पौष्टिक आहार दिए जाने की योजना है. इसमें रागी पोहा, स्प्राउट्स (ह्यश्चह्म्शह्वह्लह्य), दलिया (क्चह्वद्यद्दह्वह्म्), उपमा समेत अन्य दिया जा सकता है.

इसके पीछे के उद्देश्य के बारे में महापौर ने बताया कि थोड़ी देर सफाई करने के बाद ये शिकायतें मिलती है कि नाश्ता करने के बहाने सफाई कर्मचारी होटल चले जाते है और वहां से थोड़ी देर बाद इधर-उधर गायब हो जाते है. रोजाना होटल के नाश्ते से उनकी सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है और काम भी प्रभावित होता है. यही कारण है कि सफाई कर्मचारियों को अब पौष्टिक आहार दिए जाने की योजना है.

राजधानी रायपुर में 3700 सफाई कर्मचारी है, जो पूरी राजधानी की सफाई का जिम्मा संभालते है. अब इन सफाई कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने की भी तैयारी है. इसके अलावा इनका रैगूलर हेल्थ चेकअप कराने की भी बात महापौर ने कही है.

## रास्ते में चल रही महिला से लूटपाट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**कोरबा-रायपुर । आरएनएस**



रास्ते में चल रही महिला से लूट की घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहें आरोपी को पुलिस ने नाके बंदी कर धर दबोचा गया। पूरे मामले को लेकर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिनांक 16.08.2024 को सकदूकला निवासी प्रार्थीया सुचित्रा चौहान, थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि, दोहपर 03 बजे अपने गांव से पैदल नोनबिर्रा च्वाईस सेंटर के0वाई0सी0 कराने जाते समय रास्ते में दो अज्ञात मोटर सायकल चालक प्रार्थीया के हाथ में रखे वीवो मोबाईल को लूटकर करतला तरफ भागने की रिपोर्ट पर थाना करतला में अपराध कमांक 76/2024 धारा 309 (4) बीएनएस एवं, कुदमुरा निवासी प्रार्थी मनमोहन राठिया की मोटर सायकल को दो अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर कमांक 77/2024 धारा 303 (2) 3 (5) बीएनएस कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी (भा0पु0से0) से उचित दिशा निर्देश प्राप्त कर अति0पुलिस अधीक्षक यु0बी0एस0 चौहान (रा0पु0से0) के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक बेनेडिक्ट मिंज (रा0पु0 से0) के नेतृत्व में कायमी पश्चात ग्राम कुदमुरा बेरियर पर नाकाबंदी दौरान दो मोटर सायकल चालक पुलिस को देखकर भागने लगे, पीछा कर आरोपी तिलकेजा निवासी शांतनू शर्मा पिता राकेश शर्मा उम्र 18 वर्ष को पकड़ा गया। जिनसे पूछताछ पर बताया कि दोनों घटना को अलग अलग समय पर अपने साथी दिनेश कंवर के साथ करना बताया। आरोपी दिनेश कंवर मोटर सायकल को छोडकर फरार हो गया। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 12 ए क्यू 6549 होण्डा साईन एवं प्रार्थीया से लूट की गई मोबाईल एवं चोरी की गई हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकल सीजी 12 ए एस 2036 को जप्त कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

## छत्तीसगढ़ सरकार ने बढ़ाया महिलाओं का मान

- बहनों की राखी के फर्ज को मुख्यमंत्री हर महीने पहली तारीख को कर देते हैं पूरा

**रायपुर । आरएनएस**

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा निवासी गृहणी जैबुन निशा का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने अपनी जनहितैषी नीतियों से समाज के सभी वर्गों सहित महिलाओं में आत्मसम्मान की भावना को बढ़ाया है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं और बहनों का मान-सम्मान बढ़ा है। राज्य की महिलाओं की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने महिलाओं के लिए बहुत अच्छा काम किया है। उनकी चार लड़कियों की शादी होने के बाद उन्हें भी शासन की योजना का लाभ मिल रहा है।

उनका राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी बना हुआ है। उन्होंने बताया कि उम्रदराज होने पर उन्हें आए दिन स्वास्थ्यगत समस्या आते रहती है। स्वास्थ्यगत समस्या में महतारी वंदन योजना से एक हजार रुपए मिलने वाली राशि और आयुष्मान कार्ड से बहुत मदद मिल जाती है।

गुढ़ियारी निवासी लक्ष्मी साहू ने बताया कि वे बारहवीं तक शिक्षित है। उनका विवाह वर्ष 2007 में गुढिय़ारी में ही हुआ। उनके दो बच्चें 14 साल और 12 साल के हैं। दोनों पढ़ाई कर रहे हैं।

उन्होने बताया कि महतारी वंदन से मिलने वाली राशि से एक सिलाई मशीन खरीदी और अपने सिलाई कार्य के काम को आगे बढ़ाया है साथ ही बच्चों की स्कूल फीस को जमा करने में भी मदद मिल जाती है। सरकार की विभिन्न योजनाओं से न केवल मेरी अपितु राज्य की सभी कामकाजी महिलाओं को अपनी दैनिक जरूरतों के साथ-साथ आवश्यक घरेलू कार्य और बच्चों के लिए उपयोग हो जाता है।

मुख्यमंत्री निवास में आज रक्षाबंधन के अवसर पर महतारी वंदन योजना के 10 हितग्राही महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कलाई में राखी बांधकर बहन का फर्ज निभाया। इसके बदले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिमाह की एक तारीख को उनके खाते में एक हजार रुपए का नियमित भुगतान उनके खाते में जमा कर भाई का वचन पूरा कर रहे है।

## वास्तविक बदमाशों पर कानूनी कार्यवाई करना है : कलेक्टर धर्मेश साहू

- कलेक्टर ने की जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**




कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विगत दिनों जिले के कानून व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में सभी पुलिस और राजस्व अधिकारियों को कहा कि लोगों में कानून पर विश्वास होना चाहिए और जिला के पुलिस और राजस्व प्रशासन को लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए कानून के अनुसार कार्यवाही करना है। अपराधी किस्म के लोग कहते करते हैं कि मेरा सबसे पहचान है मेरा कोई कुछ नहीं करेगा, ऐसे लोग को उसके आसपास के लोग भी पसंद नहीं करते, ऐसे गुंडा की सूचना आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करना है। यदि वह बार बार ऐसे बदमाशी करता है तो लोगों की सूची तैयार कर उन सभी के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्यवाही किया जाना है। कानून के प्रतिबंधात्मक कार्रवाई ऐसे बदमाशों पर करना है जो वास्तविक बदमाश हैं। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किसी निरीह (बेकसूर) व्यक्ति को पकड़ कर खानापूर्ति करना ठीक नहीं है। पुलिस विभाग सरकारी जमीन पर किए कब्जा को हटवाने में राजस्व विभाग का मदद करें और पुख्ता कार्रवाई करें। जिले में मादक पदार्थ महुआ शराब और गांजा के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करें। इस अवसर पर एसपी पुष्कर शर्मा, संयुक्त कलेक्टर एस के टंडन, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, एएसपी कमलेश्वर चंदेल, डीएसपी अविनाश मिश्रा, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, तहसीलदार कोमल साहू, आयुष तिवारी, पूनम तिवारी, रूपाली मेश्राम, कमलेश सिदार, देवराज सिदार, मनीष सूर्यवंशी, थाना प्रभारी कामिल हक, विजय ठाकुर आदि उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU